**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 6 अक्तूबर 2023, समय 1810 (10 मिनट))**

- भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट को 6.6 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 303 और अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलोनियों के विकास पर 3 हजार करोड़ रूपये खर्च किए जायेंगे।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संपत्ति कर जमा न करवाने वाले संपत्ति मालिकों के, संपत्ति कर जमा करने पर जुर्माना और कर माफ करने तथा 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट देने की घोषणा की।
- हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पंडित भगवत दयाल समारोह में चिकित्सकों को डिग्रियां प्रदान की और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी को सतलुज-यमुना लिंक नहर के मुद्दे पर अपना रूख स्वष्ट करना चाहिए।

.................................................................................

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने रिज़र्व बैंक द्वारा अन्य बैंकों को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज़ दरों यानी रेपो रेट में बिना कोई बदलाव किये इसे 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय लिया है।

रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि व्यापक आर्थिक और वित्तीय घटनाक्रमों के विस्तृत मूल्यांकन के बाद समिति ने लगातार चौथी बार ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का निर्णय लिया है। इससे स्थायी जमा सुविधा दर-SDF 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर-MSF एवं बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी रहेगी।

श्री शक्तिकांत दास ने कहा कि 2023-24 के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है। दूसरी तिमाही में इसके 6.5, तीसरी तिमाही में 6 और चौथी तिमाही में 5.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वहीं, 2024-25 की पहली तिमाही के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

.................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में 303 और अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने आज चंडीगढ़ में पत्रकारवार्ता में बताया कि इनमें से 193 कॉलोनियां, शहरी स्थानीय निकाय के अंतर्गत औ 110 कॉलोनियां नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग के अंतर्गत आती है। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कमल गुप्ता भी मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 1 हजार 507 और अनधिकृत कॉलोनियों को अगले वर्ष 31 जनवरी तक नियमित कर दिया जायेगा, जिनमें से 570 कॉलोनियां नियंत्रित क्षेत्र में आती है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अनधिकृत कॉलोनियां न पनपें इसका प्रबंध भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगोंसे शहर में आवास के लिए भूखंड अथवा फ्लैट लेने के लिए मांगे गए विकल्प के अंतर्गत 2 लाख लोगों न अपनी इच्छा जताई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंधी नीति बनाकर पहली नवंबर के आस पास अपलोड कर दी जायेगी और तब इसके लिए बुकिंग शुरू की जायेगी।

उन्होंने कहा कि यह आवास शहर अनुसार 6 से 8 लाख रूपयेमें दिये जायेंगे। मुखग्र्यमंत्री ने बताया कि नियमित की जा रही कॉलोनियों के विकास के लिए 3 हजार करोड़ रूपये रखे गए है। उन्होंने कहा कि शर्त हटाई गई है और जो व्यापारिक संपत्तियां है उन्हें नियमित कर दिया जायेगा।

.....................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि बिल्डर द्वारा विकसित की जाने वाली कॉलोनियों में नया बिजली घर लगाने के लिए, बिल्डर के लिए बिजली विभाग को जमीन पहले देना अनिवार्य कर दिया गया है।

आज चंडीगढ़ में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा नियामक आयोग ने इस संबंधी नियमावली बना ली है। उन्होंने कहा कि बिल्डर को शुरू में 50 प्रतिशत राशि जमा करवानी होगी और शेष धनराशि कब्जे के समय जमा करवानी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिजली बल्क कॉनैक्शन न देकर उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत कॉनैक्श्न दिये जायेंगे, ताकि उन्हें असुविधान हो।

उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी व निजी भवनों के ऊपर से जा रही बिजली की तारों को हटाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि लगभग 89 स्थानों पर लोगों की मांग पर 112 करोड़ रूपये खर्च कर बिजली की कई तारों को हटाया जा चुका है और अब शेष तारों को हटाने के लिए 151 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने इस मौके पर डेरों व ढाणियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि पहले 10 लोगों की आबादी होने पर फिरनी से एक किलोमीटर दूर ढाणियों में बिजली के कॉनैक्शन दिये जाते थे, अब इसे बढ़ाकर 3 किलोमीटर कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो ढाणियां या घर फिरनी से ज्यादा दूरी पर है उन्हें फिलहाल सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जायेगी।

.....................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने संपत्ति कर जमा न करवाने वाले संपत्ति मालिकों के संपत्ति कर पर जुर्माना और कार माफ करने की घोषणा की है।

चंडीगढ़ में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे संपत्ति मालिकोंको लगभ्ग 8 हजार करोड़ रूपये का लाभ होगा। उन्होंने बताया कि इन संपत्तियों पर लगभग 8 हजार करोड़ रूपये का ही कर बकाया है और जुर्माना व कर मिलाकर यह लगभग 16 हजार करोड़ रूपये हो गया था। उन्होंने कहा कि यह लाभ संपत्ति कर जमा करवाने पर 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट दी जायेगी, जो लगभग

1200 करोड़ रूपये बनते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई संपत्तियों ऐसी है जो कृषि भूमि में है ऐसे सभी विवादों को शिविर लगाकर निपटाया जायेगा।

.........................................................................

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज रोहतक के पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की जबकि हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर और रोहतक से बीजेपी सांसद डॉ. अरविंद शर्मा विशिष्ट अतिथक के तौर पर शामिल हुए।

समारोह के दौरान राज्यपाल द्वारा वर्ष 2022 से 2023के बीच, MBBS, BDS एवं अन्य पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गई। राज्यपाल ने डिग्रीपाने वाले चिकित्सकों को ग्रामीण क्षेत्रोंमें जाकर मरीजों की सेवा करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि समाज की सेवा करना चिकित्सकों की जिम्मेदारी है।

.........................................................................

आकाशवाणी चंडीगढ़ के समाचार सेवा प्रभाग द्वारा "मेरी माटी मेरा देश अभियान" के तहत अमृतकाल में शुरू की गई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज का प्रश्न है:- देश के महान क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आज़ाद ने कौन-सा नारा दिया था?

प्रश्न एक बार फिर से सुन लें:- देश के महान क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आज़ाद ने कौन-सा नारा दिया था?

अपने उत्तर newsairchd@gmail.com पर तुरंत मेल करें।

कल पूछे गए प्रश्न का उत्तर है:- किसानों के मसीहा, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के समाधि स्थल को "किसान घाट" कहा जाता है ।

इस प्रश्न का सही उत्तर देने वाले हमारी विजेता हैं:- पंजाब के मलेरकोटला से आशिमा।

.........................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सतलुज-यमुना लिंक पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किसा और पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पंजाब में किसानों को वापस की गई भूमि फिर से अधिग्रहित कर इस नहर का निर्माण किया जाना चाहिए।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार कुछ भी कहे सर्वोच्च न्यायालय का फैसला सबको मानना होगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा इसके विरोध पर उन्होंने कहा कि हरियाणा में आम आदमी पार्टी कुछ और कह रही है। उनकी पार्टी इस मुद्दे पर एकमत नहीं है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर अपना रूख स्पष्ट करना चाहिए।

.........................................................................

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि जिन ट्यूबवेल कॉनैक्शन धारकों के लोड बढ़ाने के लिए आवेदन मिलेंगे उनका 600 मेगावॉट लोड बढ़ा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 31 अक्तूबर तक आवेदन लिये जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान के ट्रांसफॉर्मर चोरी होने पर पुलिस अब किसान की शिकायत पर ही प्राथमिकी दर्ज करेगी। उन्होंने बताया कि पहले किसान 50 प्रतिशत राशि जमा करवाकर ट्रांसफॉर्मर ले सकता था, अब चोरी होने पर वो 25 प्रतिशत राशि जमा

करवाकर वो ट्रांसफॉर्मर उठा सकेगा। उन्होंने कहा कि 6 साल बाद किसान से 20 प्रतिशत राशि ली जाती थी जो अब 10 प्रतिशत कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चोरी हुआ ट्रांसफॉर्मर मिल जाता है तो किसान की राशि वापस कर दी जायेगी।

..........................................................................

खड़गा कोर का 52वां स्थापना दिवस अंबाला छावनी के विजय युद्ध स्मारक में मनाया गया। खड़गा कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने कोर के सभी रैंकों की ओर से कोर के बहादुर नायकों द्वारा मातृभूमि के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की। लैफ्टीनेंट जनरल ने इस अवसर पर खड़गा कोर के सभी रैंकों, दिग्गजों, सिविल कर्मचारियों और परिवारों को शुभकामनाएं दीं।

..........................................................................

हरियाणा सरकार द्वारा कल नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में 'संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना' के अंतर्गत सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य के राज्याभिषेक दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि जबकि केंद्रीय संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान विशिष्ट अतिथि होंगें। समारोह में सम्राट हेमचन्द्र विक्रमादित्य की स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया जाएगा।

..........................................................................